Title: Need to construct a bridge on river Yamuna at Mahewa Ghat in Chail Parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : सभापति महोदया, चायल संसदीय क्षेत्र में यमुना नदी के महेवा घाट पर पुल बनने से उत्तर प्रदेश के कई जिले एवं उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की दूरी में काफी कमी होगी जिससे दोनों राज्यों के व्यापारियों, पर्यटकों एवं जनता का आवागमन काफी सुलभ होगा। साथ ही दोनों राज्यों की जनता को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि दो राज्यों के व्यापारियों, पर्यटकों एवं जनता की परेशानियों को देखते हुए चायल संसदीय क्षेत्र में यमुना नदी के महेवा घाट पर अत्यंत शीघ्र एक पुल का निर्माण किया जाए।